58

<u>बिहार सरकार</u>

<u>ग्रामीण कार्य विभाग</u>

संवेदक Karan Singh (Reg. No. 1210231) Add:- Vill-Govindadih, P.O- Bachari, P.S- Piro, Dist- Bhojpur Pincode: 802207 को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9172 दिनांक 26.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 12.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

17/10/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता Karan Singh (Reg. No. 1210231) Add:- Vill-Govindadih, P.O- Bachari, P.S- Piro, Dist- Bhojpur Pincode: 802207 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हरनौत उपस्थित।

प्रस्तुत मामला मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, हरनौत के अधीन Package No. RRSMP/24-25 Harnaut/03 (Tender ID- 139127) की निविदा में संवेदक Karan Singh (Reg. No. 1210231) द्वारा निविदा में संलग्न वित्तिय वर्ष 2021–22 एवं 2023–24 का Audit Report एवं ITR Acknowledgement के सत्यापन हेतु इनके कार्यालय के पत्रांक 582 अनु0 दिनांक 13.05.2025 द्वारा प्रधान आयकर आयुक्त–1, वीरचंद पटेल पथ, पटना बिहार को पत्र दिया गया था। जिसके आलोक में निदेशानुसार आयकर अधिकारी वार्ड–04 (1) पटना के पत्रांक F.No. Ward-4(1)/pat/138/2025-26/179 dated 26.05.2025 द्वारा संलग्नक के साथ उत्तर कार्यलय के Email ID (rwdharnaut@gmail.com) पर दिनांक 26.05.2025 को प्राप्त हुई। निविदा में संवेदक करण सिंह द्वारा वित्तिय वर्ष 2021–22 में संलग्न Turn Over Certificate एवं Profit and Loss Account में रू0 15,36,25,410.00 प्रस्तुत किया गया है जबकि आयकर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये वित्तिय वर्ष 2021–22 (कर निर्धारण वर्ष 2022–23) के ITR Form No.4 के अनुसार Gross Turn Over रू0 1486652.00 मात्र अंकित है। वित्तीय वर्ष 2021–22 में संवेदक करण सिंह द्वारा संलग्न Turn Over Certificate एवं Profit and Loss account तथा आयकर विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये आयकर विवरणी मेल नहीं खाते है। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि उनके द्वारा निविदा में Fake ATO संलग्न किया गया है। तद्‌लोक में CMBD की कंडिका संख्या– 4.7 (i) (made misleading or false representation) के आलोक में इनके तकनीकी बीड को अयोग्य घोषित किया गया।

तद्‌लोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9172 दिनांक 26.08.2025 द्वारा संवेदक को 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकृत (Blacklist) आदेश के विरूद्ध संवेदक Karan Singh (Reg. No. 1210231) द्वारा अपील अभ्यावेदन दिनांक 12.09.2025 को समर्पित किया गया है।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन दिनांक 12.09.2025 में उल्लेख किया गया है कि इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर न कोई समीक्षा की गयी और न ही वांछित कागजात उपलब्ध कराया गया, जो विधि संगत नहीं है। इस पर विचार कराते हुए कालीकरण आदेश को निरस्त किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कालीकरण आदेश निर्गत होने के उपरान्त संवेदक द्वारा अपना अभ्यावदेन समर्पित किया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Karan Singh (Reg. No. 1210231) Add:- Vill-Govindadih, P.O- Bachari, P.S- Piro, Dist- Bhojpur Pincode: 802207 से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–9172 दिनांक 26.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त (**Set aside**) करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1210231) को दिनांक 26.08.2025 से 06 (छः) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–144 / 2025 11176 / पटना, दिनांक– 31.10.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/10/25
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–144 / 2025 11176 / पटना, दिनांक– 31.10.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–144 / 2025 11176 / पटना, दिनांक– 31.10.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

30/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–144 / 2025 11176 / पटना, दिनांक 31.10.25

प्रतिलिपि– संवेदक Karan Singh (Reg. No. 1210231) Add:- Vill-Govindadih, P.O- Bachari, P.S- Piro, Dist- Bhojpur Pincode: 802207 को सूचनार्थ प्रेषित।

30/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–144 / 2025 11176 / पटना, दिनांक– 31.10.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/10/25
सरकार के संयुक्त सचिव